सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 16 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, दीपक कुमार ने शिष्टाचार भेंट कर विभाग के कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। सचिव द्वारा राज्यपाल को बताया गया कि अद्यतन तक प्रदेश के मंत्रीगण 19 निरीक्षण रिपोर्ट्स कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को प्रेषित कर चुके हैं और उन पर कार्यवाही भी की जा चुकी है। सचिव ने अवगत कराया की मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन के विशेष कार्याधिकारियों द्वारा जनसंवाद व जन चौपाल के माध्यम से भी सतही निरीक्षण, किए गए हैं जिस पर राज्यपाल द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के तहत जिले, मंडल के अधिकारियों और सचिवों के द्वारा धरातल पर किये जा रहे निरीक्षणों को भी सराहा। इस दौरान सचिव ने बताया की विभाग, विभिन्न विभागों की योजनाओं का संकलन कर बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से आम जन तक इनका प्रचार प्रसार करेगा।

................0................